पत्र सूचना शाखा

(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट की सराहना की

देश को गति देने वाला बजट

गाँव, गरीब, किसान, महिलाओं और बुजुर्गों के हितों को ध्यान में रखने वाला बजट

दलित, पिछड़े व वंचितों को मुख्य धारा से जोड़ने वाला बजट

लखनऊ : 01 फरवरी, 2018

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने केन्द्र सरकार द्वारा पारित आम बजट की सराहना करते हुये कहा कि यह बजट देश को गति देने वाला बजट है। बजट में गाँव, गरीब किसान, महिलाओं और बुजुर्गों के हितों को ध्यान में रखा गया है।यह बजट देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री जी ने यह विचार आज यहाँ शास्त्री भवन में एक प्रेस वार्ता के दौरान व्यक्त किये।

योगी जी ने कहा कि बजट देश की प्राथमिक इकाई अर्थात गांवो पर केन्द्रित है। 14 लाख करोड़ रुपये से गाँव की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा किया जायेगा। सड़कें विकास का मुख्य कारक होती है इस बजट में सड़कों के विकास के लिए 5 लाख 42 करोड़ रुपये दिये गये है। आम लोगों को 5 लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा योजना से आच्छादित किया जायेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसान की आय को दोगुना करने के लिए बजट में पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जिसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य को डेढ़ गुना किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री स्किल डेवलपमेन्ट के माध्यम से 70 लाख लोगों

को रोजगार देने की योजना भी इस बजट में है। इस केन्द्रीय बजट में 24 मेडिकल कालेज खोलने की योजना है। जिसमें से 08 उत्तर प्रदेश को मिलेंगें।

योगी जी ने कहा कि वर्ष 2022 तक सभी को आवास उपलब्ध कराने के प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्य से बजट में 1 करोड़ 10 लाख आवास बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। खुले में शौच से मुक्त अभियान को गति देने के लिए भी व्यवस्था भी की गई है। आम लोगों को बेहतर जीवन स्तर देने के लिए 4 करोड़ घरों को विद्युत कनेक्शन से आच्छादित किया जायेगा। महिलाओं को उज्ज्वला योजना के माध्यम से 8 करोड़ निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जायेगा। इस बजट के माध्यम से बुजुर्गों की 50 हजार तक की बचत को कर मुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में दलित, पिछड़े व वंचितों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बजट में पूरा ध्यान रखा गया है।

———————————

PN-CM-Press Conference-Budget-01 February, 2018